आध्यात्मिक सशक्तिकरण से ही दूर होंगी कमी-कमज़ोरी

‘आध्यात्मिक सशक्तिकरण द्वारा स्वस्थ एवं स्वच्छ समाज’ का शुभारंभ

सभी ने माना... ‘आध्यात्मिक सशक्तिकरण ही समय की मांग

विंध्यनगर-सिंगरौली-म.प्र.। ब्रह्माकुमारीज़ के उप क्षेत्रीय मुख्यालय तपोवन कॉम्प्लेक्स में वार्षिक थीम ‘आध्यात्मिक सशक्तिकरण द्वारा स्वस्थ एवं स्वच्छ समाज’ के शुभारंभ अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक रामनिवास शाह ने ब्रह्माकुमारीज़ द्वारा तय की गई वार्षिक थीम को समय की मांग बताते हुए कहा कि वास्तव में अगर हम अध्यात्म को अपने जीवन में अपना लें तो हमें कठिन से कठिन परिस्थितियों में भी झुकना नहीं पड़ेगा और हम सही निर्णय ले सकेंगे और तभी हमारा राष्ट्र सही रूप में विकास भी कर सकेगा। राजयोगिनी ब्र.कु. अवधेश दीदी ने कहा कि अगर हमें भारत को विश्व गुरू बनाना है तो आध्यात्मिकता को अपनाना पड़ेगा क्योंकि भारतवर्ष अध्यात्म का पोषण करता है और सारे जग में आध्यात्मिकता की लहर फैलाने में भारत का ही योगदान है। उन्होंने आगे कहा कि आध्यात्मिक सशक्तिकरण के द्वारा ही हम अपने अंदर की कमी-कमज़ोरी को दूर कर सकते हैं, दिव्य गुणों को धारण कर सकते हैं और राम राज्य की स्थापना भी कर सकते हैं। साथ ही दीदी ने सभी को नशा मुक्त रहने की प्रतिज्ञा भी कराई। समारोह में नगर निगम के अध्यक्ष देवेश पांडे, भाजपा जिला अध्यक्ष रामस्वरूप गुप्ता, संदीप चौबे,भाजपा मंडल अध्यक्ष बैढ़न, रामकुमार गुप्ता,भाजपा मंडल अध्यक्ष पोरसा, सरस्वती विद्या मंदिर,विंध्यनगर के प्राचार्य मुद्रिका प्रसाद दुबे आदि प्रतिष्ठित लोगों सहित लगभग 300 लोग उपस्थित रहे। सभी ने ब्रह्माकुमारीज़ को इस अभियान के लिए अपनी शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम का संचालन ब्र.कु. लीला बहन ने किया। ब्र.कु. रेखा बहन ने राजयोग ध्यान की गहन अनुभूति कराई। क्षेत्रीय प्रभारी ब्र.कु. शोभा बहन ने सभी का स्वागत किया एवं संस्था का परिचय दिया। भोपाल से आये ब्र.कु. दीपेन भाई ने कार्यक्रम का उद्देश्य बताया। बाल कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई।

विश्व रक्त दाता दिवस पर आयोजित हुआ रक्तदान शिविर

रक्तदाता ईश्वर द्वारा भेजी हुई विशेष आत्माएं हैं: प्रेम दीदी

करनाल-हरियाणा। विश्व रक्त दाता दिवस पर सामाजिक संस्था नेशनल इंटीग्रेटेड फ़ोरम ऑफ़ आर्टिस्ट्स एंड एक्टिविस्ट्स(निफा) द्वारा ब्रह्माकुमारीज़ से.7 के साथ मिलकर व हरियाणा रोडवेज़ ड्राइविंग स्कूल के सहयोग से साईं मंदिर के पास ब्रह्माकुमारीज़ संस्थान में रक्त दान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए करनाल के सिविल सर्जन कृष्ण कुमार ने रक्त दान से जुड़ी सभी भ्रांतियों को निर्मूल बताया और कहा कि रक्त दान से कोई कमज़ोरी नहीं आती। नगर निगम के अतिरिक्त आयुक्त धीरज कुमार ने मानवीय जीवन बचाने के लिए रक्त दान को सबसे ज़रूरी बताया। ब्रह्माकुमारीज़ से.7 सेवाकेंद्र की संचालिका एवं कार्यक्रम अध्यक्षा ब्र.कु. प्रेम दीदी ने कहा कि रक्त दाता उस ईश्वर की भेजी हुई वो विशेष आत्माएं हैं जो औरों की जान बचाने के लिए आगे आती हैं। निफा के संस्थापक अध्यक्ष प्रीतपाल सिंह पन्नू ने कहा कि वर्ष 2004 में पहली बार वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गनाइज़ेशन द्वारा अंतर्राष्ट्रीय रेड क्रॉस फेडरेशन, रेड क्रिसेंट सोसायटी व रक्त दाताओं की अंतर्राष्ट्रीय फेडरेशन के साथ मिलकर रक्त दाताओं को सम्मान देते हुए इस दिवस की शुरुआत की गई थी। निफा संयोजक एडवोकेट नरेश बराना ने बताया कि आज के शिविर में कुल 86 यूनिट रक्त सिविल अस्पताल करनाल के ब्लड बैंक की टीम द्वारा एकत्रित किया गया जिनमें लड़कियाँ भी शामिल रहीं। इस मौके पर सिविल सर्जन डॉ. अमन कंबोज, अमर उजाला के सह संपादक मोहित धूपर, हरियाणा रोडवेज़ ड्राइविंग स्कूल से फोरमैन दविंदर कुमार, प्रशासनिक अधिकारी विनोद कुमार, सरकारी ब्लड बैंक के इंचार्ज डॉ. संजय वर्मा, सीजीसी की अध्यक्ष अंजू शर्मा सहित अनेक गणमान्य लोग शामिल हुए। **कार्यक्रम में जिले के शतक वीर रक्त दाताओं, लगातार रक्त दान शिविर लगाने वाली सामाजिक संस्थाओं व रक्त दान के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले युवा सामाजिक कार्यकर्ताओं को गारजियन ऑफ़ लाइफ़ यानी जीवन के संरक्षक अवार्ड से नवाजा गया व सभी चयनित लोगों व रक्तदाताओं को विशेष प्रशस्ति पत्र, अवार्ड व मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।**

प्रकृति को हमें ही ठीक करना होगा : प्रेम कुमार

प्रकृति संरक्षण पर परिचर्चा के साथ सभी अतिथियों ने शांति सरोवर में पौधारोपण भी किया

रायपुर-छ.ग.। ब्रह्माकुमारीज़ द्वारा विधानसभा रोड स्थित शान्ति सरोवर रिट्रीट सेन्टर में विश्व पर्यावरण दिवस पर ‘पर्यावरण संरक्षण और हमारा दायित्व’ विषय पर परिचर्चा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर वन विभाग के अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक(वन्य जीवन) प्रेम कुमार ने कहा कि अगर जीवन में खुशी चाहते हैं तो अधिक से अधिक पेड़ लगाएं और उनका संवर्धन करें। जब तक हम आत्म केन्द्रित रहेंगे तब तक अपना और प्रकृति का विनाश करते रहेंगे। हम मनुष्यों ने मिलकर विनाश की लीला रची है। इसलिए हमें ही इसे ठीक करना होगा। अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक(विकास योजना)अरुण कुमार पाण्डे ने कहा कि कार्बन के उत्सर्जन को कम करना हमारे हाथ में नहीं है किन्तु हम पेड़ लगाकर उसके दुष्प्रभाव को कम कर सकते हैं। पीपल ऐसा अनोखा पेड़ है जो कि रात में भी आक्सीजन प्रदान करता है। प्रधान मुख्य वन संरक्षक अनिल कुमार साहू ने कहा कि पर्यावरण की रक्षा के लिए हमें रीन्यूएबल एनर्जी का ज़्यादा से ज़्यादा उपयोग करना होगा। रायपुर सेवाकेंद्र की संचालिका ब्र.कु. सविता दीदी ने कहा कि हमारा शरीर पृथ्वी, जल, वायु, अग्नि और आकाश इन पाँच तत्वों से मिलकर बना है। हम प्रकृति को प्रदूषित करके अपने ही शरीर को खराब कर रहे हैं। प्रकृति के साथ-साथ मन के प्रदूषण को भी खत्म करने की ज़रूरत है। ब्र.कु. नीलम दीदी ने पर्यावरण प्रदूषण के लिए प्लास्टिक को सबसे बड़ा खतरा बताते हुए इसका उपयोग कम करने पर ज़ोर दिया। इस मौके पर बाल कलाकारों द्वारा सुंदर नृत्य नाटिका के माध्यम से प्रकृति को बचाने का सन्देश दिया गया।

हर परिस्थिति में मन की स्थिति को रखना है श्रेष्ठ

ब्रह्माकुमारीज सेवाकेंद्र पर आयोजित ‘अब घर जाना है’ विषयक योग शिविर में ब्र.कु. अनीता दीदी ने किया सभी का मार्गदर्शन

दुर्ग-छ.ग.। ब्रह्माकुमारीज़ के आनंद सरोवर सेवाकेंद्र के विशाल सभागार में ‘अब घर जाना है’ विषय पर आयोजित योग शिविर में वरिष्ठ राजयोग शिक्षिका ब्र.कु. अनीता दीदी,इंदौर ने बताया कि हम सभी मनुष्य आत्माओं का वास्तविक घर इस पाँच तत्वों की दुनिया से पार परमधाम है। जब हम आत्माएं इस सृष्टि रंगमंच पर आईं थी तो यह दुनिया सम्पूर्ण सुख शांतिमय थी व हम सभी आत्माएं सम्पूर्ण सतोप्रधान अवस्था में थीं। कालांतर में जन्म-मरण के चक्र में आते हम अपने वास्तविक स्वरूप को भूल गए व अनेक आत्माओं के साथ हमारे अच्छे-बुरे कर्मों का हिसाब-किताब जुड़ गया। अब उन सभी हिसाब-किताब को परमात्मा की याद से चुक्ता कर अपनी सतोप्रधान अवस्था को प्राप्त करना है। इसके लिए जितना हम अपने वास्तविक आत्मिक स्वरूप का अभ्यास करेंगे तो हमारी स्थिति श्रेष्ठ बनती जाएगी और तभी हम अपने घर जा सकेंगे। स्थानीय सेवाकेंद्र संचालिका ब्र.कु. रीता बहन ने परमात्मा तथा उपस्थित सभी का स्वागत किया व अनीता दीदी के साथ रहने का अपना अनुभव सुनाते हुए बताया कि दीदी ने हमें सिखाया कि आदर्श ब्रह्माकुमारी का जीवन क्या होता है और साथ ही ईश्वरीय सेवा करना भी सिखाया। कार्यक्रम का कुशल संचालन ब्र.कु. रुपाली बहन ने किया। नवीन अग्रवाल,सीता ग्रुप ऑफ इंडस्ट्रीज़, सुमन अग्रवाल, सुरेंद्र रुंगटा,समाजसेवी, किरण रुंगटा, ब्र.कु. चैतन्य प्रभा बहन तथा बालोद,अर्जुंदा, गुंडरदेही, साजा, देवकर, धमधा व दुर्ग के सभी शहरी व ग्रामीण अंचल से लगभग 2700 भाई-बहनों ने इस शिविर में शामिल होकर भरपूर लाभ लिया।

बाल्यकाल से ही करें शिक्षित... अच्छी आदतों का नशा करें, बुरी चीज़ों का नहीं : डॉ. नलगे

‘तंबाकू उद्योग के हस्तक्षेप से बच्चों की रक्षा’ वार्षिक थीम के अंतर्गत ब्रह्माकुमारीज़ के सुख शांति भवन में विश्व तम्बाकू निषेध दिवस पर कार्यक्रम

भोपाल-नीलबड(म.प्र.)। डॉ. दिलीप नलगे, प्रोफेसर आर.डी. मेमोरियल कॉलेज ने कार्यक्रम के उद्देश्य को स्पष्ट करते हुए कहा कि आज की नई पीढ़ी को, युवाओं को और बच्चों को तंबाकू से होने वाले नुकसान से अवगत कराना है। यदि बाल्य काल में ही इस तरह की शिक्षा दी जाए तो सम्पूर्ण जीवन काल के लिए बच्चे मानसिक रूप से इसका प्रतिकार करने के लिए तैयार हो जाते हैं। भोपाल शहर की प्रथम महिला श्रीमती मालती राय ने कहा कि हर किसी को कुछ अच्छी आदतों का नशा करना चाहिए जैसे पढ़ाई का नशा, अच्छे कार्यों का नशा, स्वस्थ रहने का नशा.. आदि। अपने जीवन में अपने कार्य को इतना सर्वोपरि बना दें कि उसके आगे और कोई नशा करने की आवश्यकता ही न पड़े। शहर की नोडल ऑफिसर डॉ. नीलिमा सोनी,टोबैको कंट्रोल सेंटर भोपाल ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि छोटे-छोटे बच्चों में भी गुटखा एवं तम्बाकू सेवन की आदत देखने में आ रही है तथा कैंसर आदि बीमारियों से ग्रसित हो रहे हैं। जिसका दोषी आज का समाज है क्योंकि यह ज़हर बहुत ही सहज और सस्ते दामों में उपलब्ध है। सुख शांति भवन की निदेशिका राजयोगिनी ब्र.कु. नीता दीदी ने कहा कि राजयोग हमारे आंतरिक मनोबल को बढ़ाता है जिसके फलस्वरूप हम इन व्यसनों से सहज ही मुक्ति पा लेते हैं। उन्होंने बताया कि राजयोग का अभ्यास करने वाले 97प्रतिशत लोगों ने हमेशा के लिए तम्बाकू का सेवन छोड़ दिया है। संस्थान के वरिष्ठ राजयोगी ब्र.कु. राम भाई ने नशा मुक्ति के क्षेत्र में संस्थान द्वारा की जा रही सेवाओं से सभी को अवगत कराया। डॉ. संजीव जयंत,असिस्टेंट सुपरिटेंडेंट, हमीदिया अस्पताल ने सभी का आत्मीय स्वागत किया। ब्र.कु. हेमा बहन ने सभी का आभार व्यक्त किया एवं राजयोग ध्यान की गहन अनुभूति कराई। संचालन ब्र.कु. डॉ. देवयानी ने किया। सभा में एनसीसी कैडेट्स, एसबीआई आर एफ के जवान, एस एस बी के जवान, 25 बटालियन के जवान, ट्रैफिक पुलिस एवं विभिन्न कॉलेज के छात्र-छात्राएं तथा विभिन्न राज्यों से ब्र.कु. भाई-बहनें मौजूद रहे।

RNI NO RAJHIN/2000/00721, POSTAL REGD. RJ/SIROHI/9623/24-26, Posting at Shantivan-307510 (Abu Road)
Licensed to post without prepayment RJ/WR/WPP/003/2024-26, Posting on 12th TO 14th and 22nd TO 24th each month, published on 3rd Aug, 2024
स्वामी - आर.ई.आर.एफ, प्रकाशक, सम्पादक एवं मुद्रक- गंगाधर नरसिंघानी द्वारा कैपिटल ऑफसेट, L 801-I, Sector-28, GIDC Gandhinagar(Guj.) से मुद्रित एवं ओमशान्ति मीडिया, ब्रह्माकुमारीज़,शांतिवन-राज. से प्रकाशित।
कार्यालय - ओमशान्ति मीडिया
ब्रह्माकुमारीज़, शांतिवन,- 307510
See Latest News
www.omshantimedia.org